दिन—शुक्रवार दिनांक— 31 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि— 05 मिनट

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन — एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आज संयुक्त संकल्प पत्र जारी किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष जे.पी नड्डा, प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और एनडीए के अन्य नेताओं की उपस्थिति में यह संकल्प पत्र जारी किया गया। संकल्प पत्र में रोजगार सृजन, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की भी घोषणा की गई है। संकल्प पत्र में कृषि संबंधी बुनियादी ढांचे पर एक लाख करोड़ रूपये निवेश करने की बात भी कही गई है। एनडीए ने सात एक्सप्रेस वे बनाने और तीन हजार छह सौ किलोमीटर रेलवे लाईन के आधुनिकीकरण का भी वायदा किया है। राज्य में उद्योगों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रूपये निवेश करने और प्रत्येक जिले में आधुनिक विनिर्माण इकाईयां और दस नए औद्योगिक पार्क विकसित किए जाने की घोषणा की गयी है। इसके अलावा एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली निशुल्क उपलब्ध कराने और पांच लाख रूपये तक की किफायती स्वास्थ्य सुविधा का भी वायदा किया गया है।

———————————————————————

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण चुनाव प्रचार प्रभावित हुआ है। पटना में लगातार हो रही बारिश के कारण विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों के हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने में देरी हो रही है। इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीवान में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले बीस वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन की नींव मजबूत हुयी है और राज्य के विकास को नई रफ्तार मिली है। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का आज पटना और बक्सर में चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव जमालपुर, मुंगेर, बेगूसराय और खगड़िया समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी एक सौ पचासवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज के दिन को **राष्ट्रीय एकता दिवस** के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एकता नगर में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित समारोह में भाग लिया। श्री मोदी ने सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की और देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। श्री मोदी ने इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की तर्ज पर आयोजित भव्य परेड की सलामी ली। इस परेड में बीएसएफ, सीआरपीएफ और विभिन्न राज्य पुलिस की टुकड़ियां शामिल हुई। इसके साथ ही विविधता में एकता की थीम पर आयोजित विभिन्न राज्यों की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

———————————————————————

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने नक्सलवाद और माओवादी आतंकवाद पर निर्णायक और करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि दो हजार चौदह से पहले देश भर के लगभग सौ जिले माओवादी गतिविधियों से प्रभावित थे, लेकिन आज यह संख्या घटकर केवल ग्यारह रह गई है। प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों द्वारा ली गई एकता शपथ में देशव्यापी भागीदारी पर प्रकाश डाला और राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करने के सामूहिक संकल्प की पुष्टि की। इधर, राजधानी पटना में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मुख्य समारोह पटेल चौक के पास स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया। राज्य के अन्य हिस्सों में भी इस अवसर पर समारोह आयोजित कर लौह पुरूष को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

———————————————————————

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले दो दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी। सुपौल के वीरपुर में सबसे अधिक एक सौ अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।